नईदुनिया

# सेहत के लिए गंभीर खतरा! 1535 KG नकली पनीर जब्त, फिनाइल फैक्ट्री भी सील



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायपुर:** रक्षाबंधन और स्वतंत्रता दिवस जैसे त्योहारों से पहले राजधानी रायपुर में आम जनता की सेहत और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने दो अलग-अलग मोर्चों पर बड़ी कार्रवाई की है। एक ओर, रेलवे स्टेशन और भाठागांव बस स्टैंड से 1,500 किलो से अधिक नकली पनीर जब्त किया गया, वहीं दूसरी ओर गुढ़ियारी, टाटीबंध और भाठागांव क्षेत्रों में अवैध फिनाइल और एसिड निर्माण इकाइयों पर छापेमारी की गई। इन दोनों मामलों में भारी मात्रा में नियमों के विरुद्ध और खतरनाक सामग्री को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है।

Source: https://www.naidunia.com/chhattisgarh/raipur-big-action-by-food-department-1535-kg-fake-paneer-seized-phenyl-factory-sealed-in-raipur-chhattisgarh-8397256